बरेली, शनिवार
23 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

PAGE NO. 06 : MIDDLE

अब एसआरएमएस मेडिकल कालेज में होगा किडनी ट्रांसप्लांट



प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद डा. महेश त्रिपाठी, डा.विद्यानंद और डा. संजय कुमार • जागरण

उत्तर प्रदेश मेडिकल एजुकेशन व ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक ने दी अनुमति, रुहेलखंड मंडल के मरीजों को आपरेशन के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

जागरण संवाददाता, बरेली : रुहेलखंड मंडल के किडनी संबंधी मरीजों को आपरेशन के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। ऐसे मरीजों का किडनी प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) अब श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) मेडिकल कालेज में ही संभव होगा। इसकी अनुमति उत्तर प्रदेश मेडिकल एजुकेशन व ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक ने दी है।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज के नेफ्रोलाजिस्ट डा.संजय कुमार ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत उन मरीजों को होती है जो डायलिसिस पर हों या किडनी समस्याएं स्टेज फाइव में पहुंच गई हों। अभी तक किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों को दिल्ली या लखनऊ जाना पड़ता था। अब उन्हें एसआरएमएस मेडिकल कालेज में ही यह सुविधा मिल सकेगी और सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा। नेफ्रोलाजिस्ट डा. विद्यानंद ने कहा कि एसआरएमएस मेडिकल कालेज सभी स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां हम मरीजों को विश्वस्तरीय ट्रीटमेंट दूसरे शहरों के मुकाबले कम से कम कीमत पर देने में सक्षम हैं।

यूरोलाजिस्ट व किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डा. महेश त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली और लखनऊ के बीच बरेली ही एकमात्र ऐसा शहर है जहां किसी संस्थान को किडनी ट्रांसप्लांट की मंजूरी सरकार ने दी है। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों को 15 वर्ष तक डायलिसिस से छुटकारा मिल जाता है और दिनचर्या आसान हो जाती है।